आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 13.03.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- राष्ट्रपति भवन के अमृत उद्यान को आम जनता के अवलोकन के लिए तीस मार्च तक खोला गया है।
- विदेश मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्री आज नई दिल्ली में वैश्विक समुदाय से संपर्क करेंगे।
- सांसद ने सरकार से द्वीपसमूह में स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने का आग्रह किया है।
- मरीना पार्क में आज दोपहर भारतीय वायु सेना की सूर्यकिरण ऐरोबेटिक टीम द्वारा एयर–शो का शानदार प्रदर्शन किया जाएगा।

<><><><><><><>

नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन के अमृत उद्यान को आम जनता के अवलोकन के लिए दो फरवरी से तीस मार्च तक खोल दिया गया है। यह मौसमी उद्घाटन आगंतुकों को आश्चर्यजनक पुष्प व्यवस्था की प्रशंसा करने और उद्यान की शांत सुंदरता में डूबने का अवसर प्रदान करता है। भारत के माननीय राष्ट्रपति ने इच्छा व्यक्त की है कि अमृत उद्यान विशेष रूप से विकलांग व्यक्तियों, रक्षा, अर्धसैनिक बलों और पुलिस कर्मियों, महिलाओं और आदिवासी महिला स्वयं सहायता समूहों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए खोला जाए। उद्यान आगंतुकों के लिए प्रतिदिन सुबह दस बजे से शाम छह बजे तक खुला रहेगा। द्वीप समूह के वरिष्ठ नागरिकों सहित आम जनता राष्ट्रपति भवन के अमृत उद्यान का दौरा कर सकते है।

<><><><><><><>

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर तथा सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव आज नई दिल्ली में वैश्विक समुदाय से संपर्क करेंगे। सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरूगन और मेजबान राज्य महाराष्ट्र के मुख्य मंत्री देवेन्द्रं फडणवीस भी इस कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। इस आयोजन के माध्यम से सरकार का लक्ष्य तेजी से बढ़ते मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र के लिए एकीकृत वैश्विक मंच के रूप में वेव्स की परिवर्तनकारी क्षमता का प्रदर्शन करना है। कार्यक्रम के दौरान सौ से अधिक राजदूत और उच्चायुक्त मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में सह–क्रियाशील मार्ग प्रशस्त करने के लिए अवसरों की रूपरेखा तैयार करेंगे। वेव्स शिखर सम्मेलन का पहला संस्करण पहली से चार मई तक मुंबई में आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><>

कला एवं संस्कृति निदेशालय की ओर से आज अंडमान क्लब में फाग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। भोजपुरी समाज के सहयोग से फाग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम शाम छः बजे आरंभ होगा। जिसमें पांरपरिक भोजपुरी लोक लोक नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य द्वीपसमूह के क्षेत्रीय लोक परम्पराओं को बढ़ावा देना और लोगों को एक समृद्ध और सांस्कृतिक अनभव प्रदान करना है। इस बीच, श्री विजयपुरम स्थित हिन्दी साहित्य कला परिषद की ओर से हिन्दी भवन में आज होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम आज शाम साढ़े पांच बजे से आरंभ होगा। आज जनता को इस रंग और संगीत भरे कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है।

<><><><><><><>

रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन ने राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में भाग लेने के लिए चयन ट्रायल और कोचिंग कैम्प का आयोजन किया है। यह कैम्प पन्द्रह और सोलह मार्च को श्री विजयपुरम में आयोजित किया जाएगा। चयनित टीमें सत्रह तारीख से प्रशिक्षण शिविर में भाग लेंगी, जिसके बाद वे तेईस और अट्ठाईस अप्रैल तक गुवाहाटी में होने वाले सीनियर नेशनल चैम्पियनशिप में हिस्सा लेंगी। इसके अलावा अण्डर–एइटीन जुनियर नेशनल रग्बी–सेवन्स चैम्पियनशिप का आयोजन चौबीस से उन्तीस जून तक किया जाएगा। इच्छुक खिलाड़ी आज शाम पांच बजे तक अपना नाम नेताजी स्टेडियम में पंजीकृत करा सकते है।

<><><><><><><>

सांसद बिष्णु पद रे ने सरकार से द्वीपसमूह में स्वास्थ्य सेवा संकट और चिकित्सा चुनौतियों का समाधान करने का आग्रह किया है। उन्होंने स्वास्थ्य देखभाल कमियों की देख–रेख के लिए प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री तथा नागरिक उड्डयन मंत्री से हस्तक्षेप करने की अपील की है। अपने पत्र में सांसद ने सुदूर अण्डमान और निकोबार द्वीपसमूह में स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढ़ांचे की गंभीर कमियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि द्वीपसमूह में एकमात्र चिकित्सा सुविधा जी बी पन्त अस्पताल हैं। जिसमें आवश्यक विशेषज्ञों की अनुपलब्धता के कारण मरीजों को मुख्यभूमि रिफर करना पड़ता है, जिसके चलते आपाताकलीन चिकित्सा परिवहन पर अत्याधिक खर्च होता हैं। उन्होंने चिकित्सा आपात स्थितियें को प्राथमिकता देना और वित्तीय सहायता योजना जैसे विषयों पर प्रकाश डाला है। श्री रे ने प्रधानमंत्री और अन्य संबंधित केन्द्रीय मंत्रियों से आग्रह किया है कि वे इस संबंध में त्वरित कार्रवाई करें।

<><><><><><><>

मरीना पार्क में आज दोपहर भारतीय वायु सेना की सूर्यकिरण ऐरोबेटिक टीम द्वारा एयर–शो का शानदार प्रदर्शन किया जाएगा। इस सिलसिले में मरीना पार्क सड़क आज शाम साढ़े तीन बजे से चार बजकर पन्द्रह मिनट तक वाहनों के लिए बंद रहेगा। इस दौरान धर्मशाला जंक्शन से जे एन आर एम कॉलेज जंक्शन तक की सड़क पर वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। दुपहिया वाहनों के लिए गर्ल्स स्कूल और चार पहिया वाहनों के लिए जे एन आर एम के अंदर पार्किंग की व्यवस्था की गई है। दूरदर्शन केन्द्र द्वारा इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा।

<><><><><><><>

खेल एवं युवा मामले विभाग शिक्षा निदेशालय के साथ मिलकर बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन कर रहा है। इस टूर्नामेंट का उददेश्य खेल भावना को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में एस वाई ए और शिक्षा निदेशालय के अंतर्गत विभिन्न शिक्षण संस्थानों के कर्मचारी भाग लेंगे। खेल के प्रति अपने कौशल और उत्साह का प्रदर्शन करने के लिए पुरूष और महिला श्रेणियों में मैच आयोजित किए जाएंगे। मैच पन्द्रह और सोलह मार्च को शाम चार बजे से रात्रि साढ़े आठ बजे तक नेताजी स्टेडियम में खेले जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए बैडमिंटन कोच उदय कुमार से फोन नम्बर– नौ चार सात चार दो नौ पांच शून्य दो पांच पर सम्पर्क किया जा सकता है। पंजीकरण की अंतिम तिथि कल है।

<><><><><><><>

जी. बी. पन्त अस्पताल में मेरिट एंडो सर्जरी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला–सह–डेमो का आयोजन किया गया। कार्यशाला में इन द्वीपों में पहली बार Human extension robotic arm पेश की गई। कार्यशाला का उद्देश्य रोबोट–सहायता प्राप्त सर्जरी में नवीनतम प्रगति प्रदान करना था, जिसमें सभी सर्जिकल विभागों और स्त्री रोग विशेषज्ञों को लाइव प्रदर्शन प्रदान किए गए। कार्यशाला के अंतिम दिन, डॉ. साजी वर्गीस और उनकी टीम ने Human extension robotic arm का उपयोग करके क्षेत्र की पहली रोबोटिक सर्जरी सफलतापूर्वक की। यह उपलब्धि न केवल जी.बी. पंत अस्पताल की अत्याधुनिक तकनीक को अपनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, बल्कि जटिल शल्य चिकित्सा प्रक्रियाओं की आवश्यकता वाले रोगियों के लिए महत्वपूर्ण लाभ का वादा भी करती है।

<><><><><><><>

एम. वी. नालंदा के चेन्नई के लिए पन्द्रह मार्च को होने वाले यात्रा कार्यक्रम में फेरबदल किया गया है। अब यह जहाज सवेरे दस बजे के स्थान पर दोपहर दो बजे हैडो जेट्टी से छूटेगा। यात्रियों की स्वास्थ्य परीक्षा दोपहर बारह बजे की जाएगी।

<><><><><><><>

तटरक्षक बल द्वारा चिन्ते–लौंग फायरिंग रेंज द्वारा आज और बीस मार्च को सुबह साढ़े नौ बजे से शाम पांच बजे तक फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। सभी लोगों को सलाह दी जाती है कि वे इस दौरान अपने वाहन, मवेशियों और खुद को क्षेत्र से दूर रखे।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन के अमृत उद्यान को सार्वजनिक अवलोकन के लिए खोले जाने के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स ने प्रथम पृष्ठ पर सचित्र प्रकाशित किया है। द्वीप समाचार ने भारतीय वायु सेना की प्रसिद्ध सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम के कौशल प्रदर्शन को अपनी बड़ी खबर बनाते हुए सुर्खी दी है–सूर्यकिरण टीम ने श्री विजयपुरम के आसमान को रोमांचकारी हवाई करतब से जगमगा दिया। साथ ही अखबार ने अण्डमान विधि महाविद्यालय में कानून से संबंधित कार्यक्रमों के लिए इग्नू के अध्ययन केन्द्र शुरू करने के समाचार को भी प्रमुखता से छापा है। सांसद बिष्णु पद रे के द्वीपसमूह में स्वास्थ्य सेवा संकट और चिकित्सा चुनौतियों का समाधान के लिए प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री तथा नागरिक उड्डयन मंत्री से हस्तक्षेप की अपील के समाचार को इको ऑफ इंडिया ने अपनी बडी खबर बनाया है, जबकि दक्षिण अण्डमान उपायुक्त के शहीद द्वीप का दौरा कर पंचायती राज सदस्यों से बातचीत करने और साइट निरीक्षण करने के समाचार को इंफो इंडिया में जगह मिली है।

<><><><><><><>